# रेल भर्ती बोर्ड / RAILWAY RECRUITMENT BOARDS

## सी ई एन आर पी एफ - ०१/२०२४ - CEN RPF - 01/2024

| | |
|---|---|
| Community | ST |
| Test Center Name | Yagyavalkya Institute of Technology |
| Test Date | 09/12/2024 |
| Test Time | 9:00 AM - 10:30 AM |
| Subject | Recruitment of Sub Inspector Executive in Railway Protection Force and Railway Protection Special Force |

*** Note**
**Correct Answer will carry 1 mark per Question.**
**Incorrect Answer will carry 1/3 Negative mark per Question.**

**1. Options shown in green color with a tick icon are correct.**
**2. Chosen option on the right of the question indicates the option selected by the candidate.**

Section : **Arithmetic**

**Q.1** एक बैंक अर्द्ध-वार्षिक आधार पर गणना करके, 3.8% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज प्रदान करता है। एक ग्राहक किसी वर्ष की 1 जनवरी को ₹2710 और 1 जुलाई को ₹2710 जमा करता है। वर्ष के अंत में, उसे ब्याज के रूप में मिलने वाली राशि _____ है। [उत्तर दशमलव के 2 स्थानों तक दीजिए।]

**Ans**
1. ₹175.44
2. ₹170.5
3. ₹155.44
4. ₹174.88

**Q.2** वह सबसे छोटी प्राकृतिक संख्या ज्ञात करें जो 40, 16, 8 और 24 से विभाज्य है।

**Ans**
1. 270
2. 240
3. 226
4. 332

**Q.3** रुचि और शीतल एक व्यवसाय में 9 : 6 के अनुपात में निवेश करती हैं। यदि कुल लाभ ₹2775 है, तो रुचि और शीतल को प्राप्त लाभों (₹ में) में कितना अंतर है?

**Ans**
1. 705
2. 555
3. 605
4. 405

**Q.4** अदिति अपना स्कूटर ₹82008 में बेचकर विक्रय मूल्य के $\frac{1}{6}$ भाग के बराबर लाभ प्राप्त करती है। उसका लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

**Ans**
1. 20%
2. 30%
3. 35%
4. 10%

Q.5 निम्नलिखित में से कौन सा भिन्न सबसे बड़ा है?

$\frac{4}{6}, \frac{7}{79}, \frac{19}{54}, \frac{54}{84}$

Ans
1. $\frac{7}{79}$
2. $\frac{54}{84}$
3. $\frac{19}{54}$
4. $\frac{4}{6}$

Q.6 श्वेता और मोनिका एक व्यवसाय में 2:1 के अनुपात में निवेश करती हैं। यदि कुल लाभ ₹1347 है, तो श्वेता और मोनिका को प्राप्त लाभों (₹ में) में कितना अंतर है?

Ans
1. 449
2. 599
3. 549
4. 399

Q.7 7 संख्याओं का औसत 55 है। यदि प्रत्येक संख्या में 6 की वृद्धि की जाए, तो नया औसत कितना होगा?

Ans
1. 67
2. 7
3. 61
4. 55

Q.8 एक मिश्रण बनाने के लिए जिसकी कीमत ₹110 प्रति kg है, एक प्रकार के 30 kg चावल को दूसरे प्रकार के 60 kg ऐसे चावल के साथ मिलाया जाता है जिसकी कीमत ₹100 प्रति kg है, ज्ञात कीजिए कि अधिक महँगे चावल की कीमत प्रति kg कितनी है।

Ans
1. ₹135 प्रति kg
2. ₹130 प्रति kg
3. ₹120 प्रति kg
4. ₹125 प्रति kg

Q.9 वह सबसे छोटी प्राकृतिक संख्या ज्ञात करें जो 13, 6, 24 और 39 से विभाज्य है।

Ans
1. 243
2. 312
3. 340
4. 359

Q.10 32 पुस्तकों का विक्रय मूल्य, 24 पुस्तकों के क्रय मूल्य के बराबर है। हानि या लाभ प्रतिशत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $\frac{100}{8}\%$ लाभ
2. $\frac{100}{8}\%$ हानि
3. 25 % हानि
4. 25 % लाभ

Q.11 का सरलतम रूप ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $(a^2) \times (b^4) \times (c^1)$
2. $(a^9) \times (b^2) \times (c^9)$
3. $(a^{10}) \times (b^5) \times (c^{-1})$
4. $(a^{10}) \times (b^{-2}) \times (c^{-2})$

Q.12 एक व्यापारी किसी वस्तु के अंकित मूल्य पर 5% की छूट देता है और 14 वस्तुएँ खरीदने पर 4 वस्तुएँ मुफ़्त देता है तथा पूरे सौदे में 33% का लाभ अर्जित करता है। मान लीजिए कि एक ग्राहक 14 वस्तुओं के लिए भुगतान करता है, तो वस्तु का अंकित मूल्य उसके क्रय मूल्य से कितने प्रतिशत अधिक है?

Ans
1. 81%
2. 90%
3. 79%
4. 80%

Q.13 दी गई तालिका का अध्ययन कीजिए और प्रश्न का उत्तर दीजिए।

तालिका शिक्षा, किराया, भोजन, परिवहन और विद्युत पर पांच व्यक्तियों का मासिक व्यय (₹ में) दर्शाती है।

| व्यक्ति | शिक्षा | किराया | भोजन | परिवहन | विद्युत |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रवीण | 5,000 | 3,800 | 4,800 | 3,500 | 2,000 |
| रोहन | 6,400 | 4,000 | 4,500 | 4,000 | 2,400 |
| रीना | 5,500 | 3,600 | 4,000 | 3,600 | 1,800 |
| सीमा | 6,000 | 4,200 | 5,000 | 4,400 | 2,200 |
| टीना | 7,000 | 4,400 | 5,500 | 4,000 | 2,500 |

रोहन तथा टीना द्वारा भोजन एवं शिक्षा पर खर्च की गई राशि और प्रवीण तथा सीमा द्वारा किराए एवं परिवहन पर खर्च की गई राशि का अनुपात ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 45 : 34
2. 38 : 29
3. 78 : 53
4. 81 : 68

Q.14 सेल के दौरान, राघव ने ₹100 अंकित मूल्य की एक नोटबुक को 86% छूट पर और ₹95 अंकित मूल्य की एक पेन को 40% की छूट पर खरीदा। सेल के कारण उसने कितनी बचत (₹ में) की?

Ans
1. 124
2. 126
3. 121
4. 123

Q.15 27 km/h की चाल से चल रही 188 m लंबी रेलगाड़ी को 472 m लंबी सुरंग पार करने में कितना समय (सेकंड में) लगेगा?

Ans
1. 79
2. 80
3. 88
4. 98

Q.16 निम्नलिखित को सरल कीजिए:

Ans
1. 158.76
2. 158
3. 155
4. 155.76

Q.17 यदि $y^3 - 1$ का व्युत्क्रमानुपाती x है तथा y = 3 रखने पर x का मान 6 होता है, तो y = 9 रखने पर x का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
1. $\frac{4}{15}$
2. $\frac{3}{15}$
3. $\frac{3}{14}$
4. $\frac{5}{14}$

Q.18 यदि $\frac{p}{q} = \frac{19}{5} + \frac{2}{7} - 2.4 + \left(\frac{4.8}{2.4}\right)^2$, जहाँ p/q सरलतम रूप है, तो q के अंकों का योग ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 8
2. 5
3. 6
4. 7

Q.19 एक वर्गाकार भूखंड का क्षेत्रफल 29929 $m^2$ है। भूखंड की प्रत्येक भुजा की लंबाई (m में) कितनी है?

Ans
1. 197
2. 177
3. 163
4. 173

Q.20 एक संख्या को 50% बढ़ाने पर, 3780 प्राप्त होता है। यह संख्या _____ है।

Ans
1. 5040
2. 7560
3. 1260
4. 2520

Q.21 वर्ष के प्रथम तीन महीनों में ललित की प्रति माह औसत आय ₹4184 थी। अप्रैल में उसकी आय, प्रथम तीन महीनों की औसत आय से 50% अधिक थी। यदि पूरे वर्ष के लिए उसकी प्रति माह औसत आय ₹17553 है, तो मई से दिसंबर तक ललित की प्रति माह औसत आय (₹ में) कितनी होगी?

Ans
1. 23979
2. 23978
3. 23976
4. 23973

Q.22 एक व्यक्ति एक व्यूपॉइंट तक पैदल जाता है और अपनी कार से स्थिर चाल बनाए रखते हुए लौटता है और इस प्रकार उसे कुल 7 घंटे 15 मिनट का समय लगता है। दोनों तरफ कार से यात्रा करने में उसे 6 घंटे कम लगते। दोनों ओर समान चाल से पैदल यात्रा करने में उसे कुल कितना समय लगता?

Ans
1. 13 घंटे 45 मिनट
2. 14 घंटे 30 मिनट
3. 13 घंटे 15 मिनट
4. 12 घंटे 15 मिनट

Q.23 एक बैंक अर्द्ध-वार्षिक आधार पर गणना करके, 2.6% वार्षिक चक्रवृद्धि ब्याज प्रदान करता है। एक ग्राहक किसी वर्ष की 1 जनवरी को ₹8565 और 1 जुलाई को ₹8565 जमा करता है। वर्ष के अंत में, उसे ब्याज के रूप में मिलने वाली राशि _____ है। [उत्तर दशमलव के 2 स्थानों तक दीजिए।]

Ans
1. ₹343.66
2. ₹335.48
3. ₹325.48
4. ₹323.72

Q.24 चंदू, नाव से 245 km की दूरी धारा की विपरीत दिशा में 30 घंटे में तय करता है और धारा की दिशा में 21 घंटे में तय करता है, तो धारा की चाल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 10.88 km/h
2. 1.75 km/h
3. 5.75 km/h
4. 7.18 km/h

Q.25 समान लंबाई की दो ट्रेन समांतर पटरियों पर एक ही दिशा में 97 km/h और 21 km/h की चाल से चल रही हैं। तेज़ चलने वाली ट्रेन, धीमी चलने वाली ट्रेन को 45 सेकंड में पार करती है। प्रत्येक ट्रेन की लंबाई ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 475 मीटर
2. 477 मीटर
3. 466 मीटर
4. 472 मीटर

Q.26 एक त्रिभुज की भुजाएँ 60 cm, 75 cm और 45 cm हैं। इसका क्षेत्रफल ($cm^2$ में) क्या होगा?

Ans
1. 1307
2. 1385
3. 1390
4. 1350

Q.27 12 शेफ 4 घंटे में 96 व्यंजन बना सकते हैं। प्रत्येक शेफ द्वारा एक घंटे में बनाए जाने वाले औसत व्यंजन ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 4
2. 8
3. 2
4. 6

Q.28 वह एक अंक की सबसे छोटी संख्या बताइए, जिसे 6 अंकों की संख्या 489483 में जोड़ने पर संख्या 11 से पूर्णतः विभाज्य हो जाए।

Ans
1. 4
2. 3
3. 6
4. 5

Q.29 आठ संख्याओं का औसत 20 है। इनमें से पांच संख्याओं का औसत 18 है। शेष तीन संख्याओं का औसत ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 24.33
2. 22.33
3. 23.33
4. 25.33

Q.30 वह एक अंक की सबसे छोटी संख्या बताइए, जिसे 6 अंकों की संख्या 777288 में जोड़ने पर संख्या 11 से पूर्णतः विभाज्य हो जाए।

Ans
1. 9
2. 7
3. 5
4. 1

Q.31 निम्नलिखित का मान ज्ञात कीजिए।

$$\left[(29 \times 8) \times \left\{2 \div 2 \times \frac{(18 - 11)}{7}\right\}\right]$$

Ans
1. 232
2. 228
3. 233
4. 234

Q.32 मेरी छोटी बहन एक शंक्वाकार थैले को कंचों से भर रही है। वह जानती है कि प्रत्येक बैग की धारिता 75.36 घन इंच है। यदि शंकु का व्यास 6 इंच है, तो दशमलव के तीन स्थान तक उसकी तिर्यक ऊँचाई ज्ञात कीजिए। ($\pi = 3.14$ लीजिए)

Ans
1. 8.545 इंच
2. 8.455 इंच
3. 8.454 इंच
4. 8.544 इंच

Q.33 एक मूलधन, जब प्रति वर्ष 10% साधारण ब्याज पर निवेश किया जाता है, तो 3 वर्षों के बाद उसका मिश्रधन ₹9360 हो जाता है। 1 वर्ष में समान दर पर समान मूलधन पर साधारण ब्याज (₹ में) कितना है?

Ans
1. 1440
2. 360
3. 720
4. 2880

Q.34 सुधा का व्यय उसकी बचत से 100% अधिक है। यदि उसके व्यय में 2% की कमी होती है और बचत में 10% की वृद्धि होती है, तो उसकी आय में कितने प्रतिशत की वृद्धि होती है?

Ans
1. 0.05
2. 0.01
3. 0.02
4. 0.06

Q.35 8 cm व्यास वाले एक गोले का पृष्ठीय क्षेत्रफल ज्ञात कीजिए।

Ans
1. 87 $cm^2$
2. 543 $cm^2$
3. 64 $cm^2$
4. 786 $cm^2$

Section : **General Intelligence and Reasoning**

Q.36 अंग्रेजी वर्णानुक्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?
IFM KHO MJQ OLS ?

Ans
1. QMU
2. QNU
3. QMV
4. QNV

Q.37 निम्नलिखित अक्षर, संख्या, प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद आने वाले प्रश्न का उत्तर दें।
(बाएं) R % C & E 2 S 4 # 5 K & 7 G Y @ 3 6 T * D (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनके ठीक पहले एक अक्षर और ठीक बाद में एक संख्या है?

Ans
1. एक
2. तीन
3. कोई नहीं
4. दो

Q.38 P, Q, R, S, T, U और V में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले एक ही सप्ताह के अलग-अलग दिन है। S की शुक्रवार को परीक्षा है। S और R के बीच केवल 2 व्यक्तियों की परीक्षा है। Q की परीक्षा T से ठीक पहले है और U की परीक्षा V के ठीक बाद है। P और T के बीच केवल 2 व्यक्तियों की परीक्षा है। T से पहले कितने व्यक्तियों की परीक्षा है?

Ans
1. 4
2. 3
3. 1
4. 2

Q.39 उस युग्म का चयन करें जो नीचे दिए गए युग्मों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों युग्म समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।
QRL : TTM

WVN : ZXO

Ans
1. KUQ : MYS
2. CZP : FBQ
3. MBK : OGM
4. SWV : WZX

Q.40 संख्या 71248935 में प्रत्येक अंक को बाईं ओर से दाईं ओर अवरोही क्रम में व्यवस्थित किया जाता है। निम्नलिखित में से कौन-सा अंक दाईं ओर से पांचवें स्थान पर होगा?

Ans
1. 3
2. 4
3. 5
4. 7

Q.41 निम्नलिखित पाँच आकृतियों में से चार किसी निश्चित तरीके से एकसमान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाती हैं। कौन-सी आकृति उस समूह से संबंधित नहीं है?




Ans
1. C
2. A
3. E
4. D

Q.42 S, D की पत्नी है। D, F का भाई है। F, G का पिता है। G, H की माता है। S का H से क्या संबंध है?

Ans
1. माता के पिता के भाई की पत्नी
2. माता की माता के भाई की पत्नी
3. पिता के पिता के भाई की पत्नी
4. पिता की माता के भाई की पत्नी

Q.43 यदि 'A' का अर्थ '÷' है, 'B' का अर्थ '×' है, 'C' का अर्थ '+' है और 'D' का अर्थ '–' है, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न-चिह्न '?' के स्थान पर क्या आएगा?
31 C 25 B 32 A 40 D 32 = ?

Ans
1. 17
2. 20
3. 21
4. 19

Q.44 छह व्यक्ति, जिनके नाम W, X, Y, Z, T और U हैं, प्रत्येक अलग-अलग आयु के हैं। T की आयु 24 वर्ष है। W की आयु, U की आयु की एक-चौथाई है। Z की आयु, X की आयु की आधी है। U की आयु, Z की आयु की तीन गुनी है। T की आयु, W की आयु की दो गुनी है। यदि X की आयु, Y की आयु की चार गुनी है। Y की आयु कितनी है?

Ans
1. 15
2. 12
3. 13
4. 8

Q.45 86 एक निश्चित तर्क के अनुसार 298 से संबंधित है। 105 उसी तर्क के अनुसार 317 से संबंधित है। उसी तर्क के अनुसार, 48 निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, संक्रियाएँ पूर्ण संख्याओं पर की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रिया जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना 13 पर किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रिया करना अनुमत नहीं है।)

Ans
1. 280
2. 270
3. 260
4. 250

Q.46 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'enjoy every moment' को 'ut mb tk' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है और 'moment of clarity' को 'tk mo mt' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'moment'' को किसमें कूटबद्ध किया जाएगा?

Ans
1. ut
2. mo
3. tk
4. mb

Q.47 यह प्रश्न निम्नलिखित शब्दों पर आधारित है।
WAR PIN AND FEW

यदि प्रत्येक शब्द में, प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में अगले अक्षर से बदल दिया जाए, तो इस प्रकार बने कितने शब्दों में कोई स्वर नहीं होगा?

Ans
1. 4
2. 1
3. 2
4. 3

Q.48 दिए गए विकल्पों में से उस संख्या का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर आएगी।
29 36 50 71 99 ?

Ans
1. 136
2. 138
3. 134
4. 132

Q.49 निम्नलिखित में से किस अक्षर-समूह द्वारा # और % को प्रतिस्थापित किया जाना चाहिए ताकि :: के बाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच का पैटर्न एवं संबंध, :: के दाईं ओर के अक्षर-समूह युग्म के बीच के पैटर्न एवं संबंध के समान हो?
# : LOU :: ADJ : %

Ans
1. # = HKQ; % = EHM
2. # = HKQ; % = EHN
3. # = HKO; % = EHN
4. # = HKQ; % = FHN

Q.50 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूह युग्मों में से तीन अक्षर-समूह एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह युग्म, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह युग्म, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. NU-RX
2. BH-EK
3. FL-IO
4. JP-MS

Q.51 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम पर आधारित दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?
EGB, FHF, GIJ, HJN, ?

Ans
1. IKR
2. KIR
3. IRK
4. RIK

Q.52 Z, S की माता है। P, Q की पुत्री है। G, Z का पति है। Q, R का पुत्र है। S, P की माता है। G का Q से क्या संबंध है?

Ans
1. माता का भाई
2. भाई का पुत्र
3. पत्नी का पिता
4. बहन का पति

Q.53 A, B, C, D, P, Q और R में से प्रत्येक की परीक्षा सोमवार से शुरू होकर रविवार को समाप्त होने वाले सप्ताह के अलग-अलग दिन है। R की परीक्षा से पहले केवल दो व्यक्तियों की परीक्षा है। A की परीक्षा के बाद केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। R और Q की परीक्षाओं के बीच केवल तीन व्यक्तियों की परीक्षा है। C और D की परीक्षाओं के बीच केवल एक व्यक्ति की परीक्षा है। P की परीक्षा, C की परीक्षा से ठीक पहले है। निम्नलिखित में से किसकी परीक्षा शुक्रवार को है?

Ans
1. Q
2. P
3. B
4. A

Q.54 A, B, C, D, E, F और G एक गोल मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं। जब D के बाईं ओर से गिनने पर, A और D के बीच केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। E, B के बाईं ओर तीसरे स्थान पर बैठा है। C, B के ठीक दाईं ओर पड़ोस में बैठा है। C, A के बाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। G, E का निकटतम पड़ोसी है। B के बाईं ओर से गिनने पर B और E के बीच कितने व्यक्ति बैठे हैं?

Ans
1. 3
2. 1
3. 4
4. 2

Q.55 दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए, जिसे प्रश्नवाचक चिह्न (?) के स्थान पर रखने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।




Ans

1.


2.


3.


4.


Q.56 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार वे एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा एक अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, व्यंजनों/स्वरों की संख्या या अक्षर-समूह में उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. OQN
2. DFC
3. HKG
4. YAX

Q.57 एक निश्चित कूट भाषा में, 'LIKE' को '5427' के रूप में, और 'EARS' को '6314' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'E' के लिए क्या कूट होगा?

Ans
1. 4
2. 6
3. 7
4. 1

Q.58 एक निश्चित कूट भाषा में, 'CROP' को '4317' के रूप में और 'COIR' को '4237' के रूप में कूटबद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'I' के लिए कूट क्या है?

Ans
1. 3
2. 4
3. 7
4. 2

Q.59 G, H, I, J, M, N और O, एक वर्गाकार मेज के परितः उसके केंद्र की ओर अभिमुख होकर बैठे हैं
H और G के बीच केवल पाँच व्यक्ति बैठे हैं। O, G के ठीक बाएं पड़ोस में बैठा है। O और I के बीच केवल एक व्यक्ति बैठा है। J, N के बाएं किसी स्थान पर लेकिन M के दाएं किसी स्थान पर बैठा है।
पंक्ति के बाएं छोर से तीसरे स्थान पर कौन बैठा है?

Ans
1. O
2. J
3. G
4. I

Q.60 उस त्रिक का चयन कीजिए, जो नीचे दिए गए दो त्रिकों के समान पैटर्न का अनुसरण करता है। दोनों त्रिक समान पैटर्न का अनुसरण करते हैं।

OK-RN-TW
MI-PL-RU

Ans
1. KG-NJ-PS
2. LG-NJ-PR
3. KG-NJ-PR
4. LG-NI-PR

Q.61 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन अक्षर-समूह एक निश्चित तरीके से समान हैं और इस प्रकार एक ग्रुप बनाते हैं। कौन-सा अक्षर-समूह, उस ग्रुप से संबंधित नहीं है?
(नोट: असंगत अक्षर-समूह, अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनकी स्थिति पर आधारित नहीं है।)

Ans
1. AZX
2. FGE
3. QRP
4. KLJ

Q.62 निम्नलिखित अक्षर, संख्या और प्रतीक श्रृंखला का संदर्भ लें और उसके बाद आने वाले प्रश्न का उत्तर दें। गिनती केवल बाएं से दाएं की जानी चाहिए।
(बाएं) 7 J £ W € 2 Q £ K £ 6 1 D U & 1 4 M Y * V X (दाएं)
यदि श्रृंखला से सभी संख्याओं को हटा दिया जाए, तो निम्नलिखित में से कौन-सा बाएं से आठवें स्थान पर होगा?

Ans
1. £
2. €
3. K
4. D

Q.63 मयंक बिंदु A से शुरू करता है और दक्षिण की ओर 9 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है, 11 km ड्राइव करता है, फिर बाएं मुड़ता है और 15 km ड्राइव करता है। फिर वह बाएं मुड़ता है और 12 km ड्राइव करता है। वह अंतिम बार बाएं मुड़ता है, 6 km ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुकता है। बिंदु A पर फिर से पहुँचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (अन्यथा निर्दिष्ट न किए जाने की स्थिति में, सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं।)

Ans
1. 1 km, पश्चिम में
2. 1 km, पूर्व में
3. 2 km, पूर्व में
4. 2 km, पश्चिम में

Q.64 निम्नलिखित अक्षर और प्रतीक श्रृंखला के आधार पर नीचे दिए गए प्रश्न का उत्तर दीजिए। गणना केवल बाईं ओर से दाईं ओर की जानी चाहिए।
(बाएं) Y # E S * £ B K Ω G C & T % Q & R D A @ U $ (दाएं)
ऐसे कितने प्रतीक हैं, जिनमें से प्रत्येक के ठीक पहले एक अन्य प्रतीक है तथा ठीक बाद में एक अक्षर भी है?

Ans
1. 1
2. 3
3. 0
4. 2

Q.65 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यान से पढ़ें। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, भले ही वह सामान्य रूप से ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो, तय करें कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/से निष्कर्ष, कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।
**कथन:**

**सभी मटर, गाजर हैं।**

**सभी गाजर, प्याज हैं।**

**कुछ प्याज, बैंगन हैं।**

**निष्कर्ष:**

**(I): कुछ मटर, बैंगन हैं।**

**(II): कुछ गाजर, बैंगन हैं।**

Ans
1. केवल निष्कर्ष II अनुसरण करता है
2. न तो निष्कर्ष I और न ही II अनुसरण करता है
3. निष्कर्ष I और II दोनों अनुसरण करते हैं
4. केवल निष्कर्ष I अनुसरण करता है

Q.66 नीचे संख्याओं के दो समुच्चय दिए गए हैं। संख्याओं के प्रत्येक समुच्चय में, पहली संख्या पर कुछ गणितीय संक्रिया करने पर दूसरी संख्या प्राप्त होती है। इसी तरह, दूसरी संख्या पर कुछ गणितीय संक्रिया करने पर तीसरी संख्या प्राप्त होती है और इसी तरह आगे की संख्याएँ प्राप्त होती हैं। दिए गए विकल्पों में से किसमें, संक्रियाओं का वही सेट है, जैसा नीचे दिए गए समुच्चयों में है?
(नोट: संख्याओं को उनके घटक अंकों में तोड़े बिना, पूर्ण संख्याओं पर संक्रियाएँ की जानी चाहिए। उदाहरण के लिए 13 लीजिए - 13 पर संक्रिया जैसे कि 13 में जोड़ना/घटाना/गुणा करना 13 पर किया जा सकता है। 13 को 1 और 3 में तोड़ना और फिर 1 और 3 पर गणितीय संक्रिया करना अनुमत नहीं है।)
**3 - 4 - 5 - 10 ; 1 - 2 - 3 - 6**

Ans
1. 7 - 8 - 9 - 10
2. 17 - 18 - 19 - 20
3. 8 - 9 - 10 - 20
4. 12 - 13 - 14 - 20

Q.67 सात डिब्बों K, L, M, N, O, P और T को एक के ऊपर एक रखा गया है, लेकिन जरूरी नहीं कि ये डिब्बे इसी क्रम में रखे गए हों। केवल डिब्बे M को डिब्बे O के ऊपर रखा गया है। डिब्बों O और T के बीच केवल डिब्बे P को रखा गया है। केवल डिब्बे N को डिब्बे K के नीचे रखा गया है। डिब्बों L और M के बीच कितने डिब्बों को रखा गया है?

Ans
1. तीन
2. दो
3. चार
4. एक

**Q.68** जब दर्पण को नीचे दिखाए अनुसार MN पर रखा जाए, तो दी गई आकृति के सही दर्पण प्रतिबिंब का चयन कीजिए।




**Ans**

1. 
2.
3. 
4. 

**Q.69** यांगडेन बिंदु A से ड्राइव करना शुरू करता है और दक्षिण की ओर 14 km तक ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है, 13 km तक ड्राइव करता है, दाएं मुड़ता है और 17 km तक ड्राइव करता है। फिर वह दाएं मुड़ता है और 19 km तक ड्राइव करता है। वह अंत में दाएं मुड़ता है, 3 km तक ड्राइव करता है और बिंदु P पर रुक जाता है। बिंदु A पर दोबारा पहुंचने के लिए उसे कितनी दूर (न्यूनतम दूरी) तक और किस दिशा में ड्राइव करना चाहिए? (जब तक निर्दिष्ट न किया जाए , सभी मोड़ केवल 90 डिग्री के मोड़ हैं)

**Ans**

1. 4 km पश्चिम की ओर
2. 6 km पश्चिम की ओर
3. 2 km पश्चिम की ओर
4. 5 km पश्चिम की ओर

**Q.70** यदि संख्या 5834671 में प्रत्येक विषम अंक में 1 जोड़ा जाए और प्रत्येक सम अंक में से 2 घटाया जाए, तो इस प्रकार बनने वाली नई संख्या में निम्नलिखित में से कौन-सा अंक दाएँ से पहला होगा?

**Ans**

1. 4
2. 2
3. 5
4. 8

Section : **General Awareness**

**Q.71** 2023 में किरेन रिजिजू द्वारा हरी झंडी दिखाए जाने वाले भारत के पहले शीतकालीन वैज्ञानिक आर्कटिक अभियान के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी स्थितियाँ सही नहीं थीं?

**Ans**

1. यह अन्वेषण कार्य नवम्बर से मार्च माह तक किया गया।
2. 24 घंटे तक लगभग कोई सूर्य प्रकाश नहीं था।
3. शून्य से नीचे का तापमान।
4. अन्वेषण केवल नवंबर और दिसंबर माह के लिए किया गया था।

**Q.72** चमोली, पिथौरागढ़ और अल्मोड़ा जिले किस बायोस्फीयर रिजर्व का हिस्सा हैं?

**Ans**

1. सिमलीपाल
2. नंदा देवी
3. शीत मरुस्थल
4. नोकरेक

**Q.73** किसी तने या शाखा पर पत्तियों की व्यवस्था के पैटर्न को आप क्या कहते हैं?

**Ans**

1. जियोटैक्सिस (Geotaxis)
2. एपोटैक्सिस (Apotaxis)
3. फाइलोटेक्सी (Phyllotaxy)
4. थैलोटेक्सी (Thallotaxy)

**Q.74** कौन-सा पूर्व भारतीय निशानेबाज 2024 में ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (OCA) का पहला भारतीय अध्यक्ष (President) बना?

**Ans**

1. राज्यवर्धन सिंह राठौड़
2. जॉयदीप कर्माकर
3. राजा रणधीर सिंह
4. विजय कुमार

**Q.75** निम्नलिखित में से किस मुग़ल राजकुमार ने मलिक अंबर के साथ गठबंधन किया और अपने पिता के खिलाफ विद्रोह किया?

**Ans**

1. जहांगीर
2. शाहजहां
3. औरंगज़ेब
4. अकबर

**Q.76** निम्नांकित में से कौन, जून 2024 में मेक्सिको का राष्ट्रपति बना, जो एक जलवायु वैज्ञानिक और मेक्सिको सिटी के पूर्व मेयर थे/थी?

**Ans**

1. क्लाउडिया शिनबाम (Claudia Sheinbaum)
2. एनरिक पेना नीटो (Enrique Pena Nieto)
3. फेलिप काल्डेरोन (Felipe Calderon)
4. एंड्रेस मैनुअल लोपेज़ ओब्रेडोर (Andres Manuel Lopez Obrador)

**Q.77** निम्नलिखित में से कौन-सा उप संघ वर्टिब्रेटा का वर्ग नहीं है?

**Ans**

1. स्तनधारी (Mammals)
2. एवीज (Aves)
3. सरीसृप (Reptilia)
4. एरेक्निडा (Arachnida)

**Q.78** निम्नलिखित में से कौन भारतीय मूल के सैटेलाइट उद्योग विशेषज्ञ हैं जिन्हें जून 2023 में संयुक्त राष्ट्र बाह्य अंतरिक्ष मामलों के कार्यालय का निदेशक नियुक्त किया गया है?

**Ans**

1. बेहरुज सेठना
2. आरती होला-मैनी
3. कौशिक बसु
4. माइकल राव

**Q.79** निम्नलिखित में से किस राजवंश के राजाओं ने मलाया, जावा और सुमात्रा के राजाओं को हराया?

**Ans**

1. राष्ट्रकूट (Rashtrakuta)
2. चेर (Chera)
3. पाण्ड्य (Pandaya)
4. चोल (Chola)

**Q.80** निम्नलिखित में से कौन सा कथन गलत है?

**Ans**

1. हरित क्रांति ने सरकार को स्टॉक बनाने के लिए पर्याप्त मात्रा में खाद्यान्न प्राप्त करने में सक्षम बनाया।
2. हरित क्रांति का पहला चरण 1950 के दशक के मध्य में शुरू हुआ था।
3. हरित क्रांति प्रौद्योगिकी के प्रसार ने भारत को खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने में सक्षम बनाया।
4. अधिक उपज देने वाली किस्मों के बीजों का उपयोग अधिक संपन्न राज्यों तक ही सीमित था।

**Q.81** क्षेत्र रेखाएँ चुंबकीय क्षेत्र को निरुपित करती हैं। वे उस पथ को निरुपित करती हैं जिसके साथ _____।

**Ans**

1. एक मुक्त इलेक्ट्रॉन गति करने की प्रवृत्ति रखता है।
2. एक परिकल्पित मुक्त उत्तरी ध्रुव गति करने की प्रवृत्ति रखता है।
3. एक परिकल्पित मुक्त दक्षिणी ध्रुव गति करने की प्रवृत्ति रखता है।
4. एक मुक्त प्रोटोन गति करने की प्रवृत्ति रखता है।

**Q.82** अगस्त 2024 तक की स्थिति के अनुसार, भारत में रक्षा राज्य मंत्री कौन हैं?

**Ans**

1. अमरेन्द्र तिवारी
2. संजय सेठ
3. विजय भट्ट
4. आलोक तिवारी

**Q.83** निम्नलिखित में से कौन-सी नदी, दक्कन नदी प्रणाली का हिस्सा नहीं है?

**Ans**

1. कावेरी
2. सतलुज
3. गोदावरी
4. कृष्णा

**Q.84** _____ शासन का एक रूप है, जिसमें शासक जनता द्वारा चुने जाते हैं।

**Ans**

1. अल्पाधिकार
2. धर्मतंत्र
3. फासीवाद
4. लोकतंत्र

**Q.85** निम्नलिखित धार्मिक और सामाजिक सुधारकों में से किसने 1929 में सती प्रथा के उन्मूलन में योगदान दिया?

**Ans**

1. राजा राममोहन रॉय
2. राधाकांत देब
3. ईश्वर चंद्र विद्यासागर
4. ज्योतिराव गोविंदराव फुले

**Q.86** भाप इंजन निम्नलिखित में से किस वैज्ञानिक सिद्धांत पर कार्य करता है?

**Ans**

1. न्यूटन का गति के नियम
2. ऊष्मागतिकी के नियम
3. अतिचालकता
4. प्रकाश विद्युत प्रभाव

**Q.87** भारत के मुख्य न्यायाधीश के पद के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा मानदंड नहीं है?

**Ans**

1. राष्ट्रपति की राय में, एक प्रतिष्ठित विधिवेत्ता होना
2. उसका भारत का नागरिक होना
3. उसका न्यूनतम पांच वर्षों तक किसी उच्च न्यायालय में, या दो या अधिक ऐसे न्यायालयों में लगातार अधिवक्ता के रूप में होना
4. उसका न्यूनतम पांच वर्षों तक किसी उच्च न्यायालय में, या दो या अधिक ऐसे न्यायालयों में न्यायाधीश के पद पर होना

**Q.88** निम्नलिखित में से कौन-सी रचना कर्नाटक संगीत के भक्ति रूप को दर्शाती है?

**Ans**

1. होरी
2. देवरा नाम
3. पंडवानी
4. आल्हा

**Q.89** निम्नलिखित में से किस समिति ने समान संदर्भ अवधि (Uniform Reference Per) के विरुद्ध मिश्रित संदर्भ अवधि (Mixed Reference Period) के उपयोग की सिफारिश की?

**Ans**

1. नीति आयोग
2. तेंदुलकर निर्यात समूह
3. राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन
4. सी रंगराजन समिति

**Q.90** भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद ने भारत के सर्वोच्च न्यायालय को अपने निर्णयों की समीक्षा करने की शक्ति प्रदान की है?

**Ans**

1. अनुच्छेद 140
2. अनुच्छेद 138
3. अनुच्छेद 137
4. अनुच्छेद 150

**Q.91** निम्नलिखित में से कौन-सा बाँध उत्तराखंड में स्थित नहीं है?

**Ans**

1. रामगंगा बाँध
2. नागी बाँध
3. टेहरी बाँध
4. लखवार बाँध

**Q.92** भारतीय संविधान का निम्नलिखित में से कौन-सा अनुच्छेद 'जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता' के संरक्षण का प्रावधान करता है?

**Ans**

1. अनुच्छेद 21
2. अनुच्छेद 25
3. अनुच्छेद 18
4. अनुच्छेद 22

**Q.93** निम्नलिखित में से किसने 'द पैलेस ऑफ इल्यूजन्स (The Palace of Illusions)' लिखी?

**Ans**

1. राजीव मल्होत्रा
2. चित्रा बनर्जी दिवाकरुनि
3. अरविंद अडिगा
4. गायत्री सिन्हा

**Q.94** भारत में 'रबी' के मौसम में उगाई जाने वाली फसलों के सही समूह का चयन कीजिए।

**Ans**

1. उड़द और मूंगफली (Urad and Groundnut)
2. चना और धान (Gram and Paddy)
3. चना और सरसों (Gram and Mustard)
4. बाजरा और ज्वार (Barley and Jowar)

**Q.95** 9 अगस्त 2024 को लोकसभा में प्रस्तुत समुद्री माल परिवहन विधेयक, 2024 का उद्देश्य भारतीय समुद्री माल परिवहन अधिनियम, _____ को प्रतिस्थापित करना है।

**Ans**

1. 1906
2. 1921
3. 1925
4. 1915

**Q.96** भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त का कार्यकाल कितना होता है?

**Ans**

1. राष्ट्रपति के प्रसादपर्यन्त
2. पांच वर्ष या 60 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो
3. छह वर्ष
4. छह वर्ष या 65 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो

**Q.97** भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (SEBI) निवेशकों की सुरक्षा कैसे बढ़ाता है?

**Ans**

1. धोखाधड़ी को रोकने के लिए स्टॉक एक्सचेंजों और प्रतिभूतियों को विनियमित करके
2. मौद्रिक नीतियां निर्धारित करके
3. निवेशकों को बीमा प्रदान करके
4. शेयर बाजार में प्रत्यक्ष निवेश करके

**Q.98** अमेरिका में, निम्नलिखित में से किसने भारत की ब्रिटिश सरकार के विरुद्ध विद्रोह आयोजित करने के लिए ग़दर पार्टी का गठन किया था?

**Ans**

1. सुभाष चंद्र बोस (Subhash Chandra Bose)
2. शचींद्र नाथ बक्शी (Sachindra Nath Bakshi)
3. राम प्रसाद बिस्मिल (Ram Prasad Bismil)
4. लाला हरदयाल (Lala Hardayal)

**Q.99** X के लिए Y की सीमांत प्रतिस्थापन दर (MRS) कब प्रासंगिक होती है?

**Ans**

1. जब उपभोक्ता X की अतिरिक्त इकाई के लिए Y को छोड़ने के लिए तैयार हो
2. जब उपभोक्ता Y की अतिरिक्त इकाई के लिए X छोड़ने को तैयार हो
3. जब उपभोक्ता X और Y दोनों की अतिरिक्त इकाइयाँ प्राप्त करता है
4. जब उपभोक्ता X और Y दोनों को छोड़ने के लिए तैयार हो

**Q.100** किस सरकारी कार्यक्रम का उद्देश्य जल संरक्षण, भूमि विकास और ग्रामीण अवसंरचना से संबंधित कार्यों के माध्यम से ग्रामीण परिवारों को रोजगार प्रदान करना है?

**Ans**

1. महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (MGNREGA)
2. प्रधानमंत्री रोजगार योजना (PMRY)
3. राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (NRLM)
4. स्वच्छ भारत अभियान

**Q.101** निम्नलिखित में से कौन-सा pH मान किसी विलयन में उदासीनता को दर्शाता है?

**Ans**

1. −14
2. 14
3. 7
4. 0

**Q.102** अगस्त 2024 में भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ द्वारा 0832 इंडिया ओपन कम्पटीशन – राइफल एंड पिस्टल 2024 का आयोजन और संचालन कहाँ किया गया?

**Ans**

1. अलीगढ़
2. गोवा
3. दिल्ली
4. पानीपत

**Q.103** लक्षद्वीप द्वीप समूह कहाँ स्थित हैं?

**Ans**

1. आंध्र प्रदेश के कोरोमंडल तट के करीब
2. केरल के मालाबार तट के करीब
3. महाराष्ट्र के कोंकण तट के करीब
4. तमिलनाडु के कोरोमंडल तट के करीब

Q.104 बनिहट्टी का युद्ध निम्नलिखित में से किस वर्ष लड़ा गया था?

Ans
1. 1556
2. 1558
3. 1565
4. 1560

Q.105 भारत की जनगणना 2011 के अनुसार, दिए गए विकल्पों में से किस राज्य में सबसे कम साक्षरता दर दर्ज हुई थी?

Ans
1. अरुणाचल प्रदेश
2. हरियाणा
3. मेघालय
4. उत्तराखंड

Q.106 एयर इंडिया के लिए टाटा संस की अंतिम बोली कितने की थी?

Ans
1. Rs.16,000 करोड़
2. Rs.18,000 करोड़
3. Rs.12,000 करोड़
4. Rs.22,000 करोड़

Q.107 जून 2024 में कौन-सा देश आधिकारिक तौर पर इंटरनेशनल सोलर अलायंस (ISA) का 100वां पूर्ण सदस्य बन गया?

Ans
1. स्पेन
2. पराग्वे
3. आर्मेनिया
4. नेपाल

Q.108 फरवरी 2024 तक की स्थिति के अनुसार, किस वर्ष भारत में लगभग 20 वर्षों में मृत्युदंड की सजा पाने वाले कैदियों की संख्या सबसे अधिक थी?

Ans
1. 2020
2. 2021
3. 2023
4. 2019

Q.109 निम्नलिखित में से किस पूर्व रॉ (RAW) प्रमुख ने 'ए लाइफ इन द शैडोज़: ए मेमॉयर' नामक पुस्तक लिखी है?

Ans
1. आलोक जोशी
2. अरविंद दवे
3. ए एस दुलात
4. जे एस बेदी

Q.110 भारत में 1951 से 2011 तक बाल लिंग-अनुपात (प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाएं) में _____।

Ans
1. वृद्धि हुई
2. स्थिरता रही
3. कमी आई
4. पहले वृद्धि हुई फिर कमी आई

Q.111 निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, पादप कोशिका में संग्रहित वसा को शर्करा में रूपांतरित करने के लिए उत्तरदायी है।

Ans
1. राइबोसोम (Ribosome)
2. ऑक्सीसोम (Oxysome)
3. ग्लाइऑक्सीसोम (Glyoxysome)
4. गॉल्जी बॉडी (Golgi body)

**Q.112** भारत में कृषि-क्लिनिक और कृषि-व्यवसाय केंद्र (AC एवं ABC) योजना के संबंध में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन गलत है?

**Ans**

1. नाबार्ड, भारत सरकार की ओर से योजना के तहत सब्सिडी घटक कार्यान्वित कर रहा है।
2. राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान (MANAGE) योजना के तहत प्रशिक्षण घटक के लिए कार्यान्वयन संस्था है।
3. AC एवं ABC योजना अप्रैल 2008 से कार्यान्वयनाधीन है।
4. दिसंबर 2022 तक की स्थिति के अनुसार, योजना के तहत अब तक लगभग 83810 अभ्यर्थियों को प्रशिक्षित किया जा चुका है।

**Q.113** निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में चुनाव आयोग के गठन से संबंधित प्रावधान हैं?

**Ans**

1. अनुच्छेद 353
2. अनुच्छेद 324
3. अनुच्छेद 330
4. अनुच्छेद 343

**Q.114** मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति, सेवा की शर्तों और पदावधि, चुनाव आयोग द्वारा कार्य संचालन की प्रक्रिया और उससे संबंधित या उसके आनुषंगिक मामलों को विनियमित करने के लिए संसद में कौन-सा विधेयक पारित किया गया था?

**Ans**

1. मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और पदावधि) विधेयक, 2024
2. मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (कार्य संचालन की प्रक्रिया) विधेयक, 2023
3. मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और पदावधि) विधेयक, 2023
4. मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (कार्य संचालन की प्रक्रिया) विधेयक, 2024

**Q.115** निम्नलिखित में से किसे 'कर्नाटक संगीत पितामह' के रूप में सम्मानित किया जाता है?

**Ans**

1. पुरंदर दास
2. अन्नमाचार्य दास
3. मुथुस्वामी दीक्षितार दास
4. त्यागराज दास

**Q.116** भारतीय संविधान के निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में यह वर्णन है कि सार्वजनिक संपत्ति को सुरक्षित रखना और हिंसा से दूर रहना भारत के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है?

**Ans**

1. अनुच्छेद 51A (i)
2. अनुच्छेद 51A (f)
3. अनुच्छेद 51A (k)
4. अनुच्छेद 51A (d)

**Q.117** 'मानवता की सेवा ही मोक्ष का साधन है।' यह नारा गंगाधर चट्टोपाध्याय ने दिया था। वे _____ से जुड़े थे।

**Ans**

1. आर्य समाज
2. ब्रह्म समाज
3. रामकृष्ण मिशन
4. प्रार्थना समाज

**Q.118** निम्नलिखित में से किस नवपाषाण स्थल से हिरण की तीन प्रजातियों (बारासिंघा, गज़ेल और चीतल) के अवशेष मिले हैं?

**Ans**

1. पटने (Patne)
2. कोडेकल (Kodekal)
3. डीडवाना (Didwana)
4. भीमबेटका (Bhimbetka)

**Q.119** इसरो (ISRO) ने अपने कक्षीय प्लेटफार्म POEM3 में 100 W श्रेणी के पॉलिमर इलेक्ट्रोलाइट मेम्ब्रेन फ्यूल सेल आधारित पावर सिस्टम (FCPS) का निम्नलिखित दो गैसों में से किसका उपयोग करके सफलतापूर्वक परीक्षण किया?

**Ans**

1. हाइड्रोजन और ऑक्सीजन
2. नाइट्रोजन और ऑक्सीजन
3. नाइट्रोजन और आर्गन
4. हाइड्रोजन और हीलियम

**Q.120** **ओणम त्यौहार भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य में मनाया जाता है?**

**Ans**

1. अरुणाचल प्रदेश
2. केरल
3. गुजरात
4. महाराष्ट्र

2024/12/10-21:51:07